तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

13 हर्षोल्लास के साथ मनाया वन महोत्सव



14 पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए अज्ञात शव का विधि विधान से किया अंतिम संस्कार





# शादी समारोह में कसडोल पहुंचे मुख्यमंत्री, लगाया बरगद का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज एक व्यक्तिगत कार्यक्रम में शामिल होने नगर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाऊस में बरगद का पौधा लगाया। देर शाम तक कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भांजी प्रभा की शादी समारोह में रविवार को प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय लगभग निर्धारित समय पर ही कसडोल हैलीपेड थाना परिसर पहुँचे। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इसके बाद भाजपा के कार्यकर्ता बारी बारी से मुख्यमंत्री से मुलाकात की  इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस पहुँचे। जहाँ सभापति भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन मिश्रा ने प्रभु श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित कसडोल मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू ने विश्राम गृह में पौधारोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी चचेरी बहन कसडोल शादी होकर आई है, जिसकी मौत दुर्घटना में हो गई थी। आज जशपुर साइड था इसलिए इधर शादी के कार्यक्रम में आ गया हूँ,। देर शाम तक भारी बारिश के बीच मुख्यमंत्री विश्राम गृह में

▸▸ शेष पेज 13 पर

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,जिला पंचायत के सभापति नवीन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष लवन श्रीमती मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, प्रदेश मंत्री श्रीमती श्याम बाई साहू, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, राजेश जायसवाल, गणेश साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीपेड कसडोल में वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय यहाँ एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला पंचयात के सभापति नवीन मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, श्रीमती श्याम बाई साहू, राजेश जायसवाल, गणेश साहू, मेला राम साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सभी महाविद्यालय में 15 से होंगे प्रवेश ओपन

**भाटापारा।** रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत भाटापारा में संचालित सभी महाविद्यालय में द्वितीय प्रवेश सूचियां जारी होने के पश्चात 15 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया होगी। महाविद्यालय में रिक्त सीटों को पूरा करने के लिए प्रवेश ओपन कर दिया जाएगा। सोमवार से विद्यार्थी जो विभिन्न अहर्ताएं रखतें हैं, अपने विभाग में प्रक्रिया अनुसार प्रवेश ले सकेंगे।

### धारदार हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली थी कि बागबाहरा रोड सितली नाला के पास पुल के उपर एक युवक धारदार चाकू को लहरा रहा है और रास्ते में आने जाने नागरिकों को डरा धमका रहा है। इस सूचना पर थाना सिटी कोतवाली टीम पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। उसने अपना नाम गौरव प्रधान पिता स्व. प्यारे लाल प्रधान (19 साल) निवासी वार्ड नं. 30 नया रावणभाठा महासमुंद होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत थाना सिटी कोतवाली में कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## आयोजन : सांसद अग्रवाल के आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया

# क्षेत्र के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे धन की कमी नहीं आने दी जाएगीः बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार





नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के शनिवार को प्रथम बार बलौदाबाजार आगमन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी तथा ढोल नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

पूर्व निर्धारित समय से करीब दो घंटा विलंब से नगर पहुंचे सांसद श्री अग्रवाल, बलौदाबाजार के विधायक एवं खेलकूद युवाकल्याण एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ सर्किट हाउस पहुंचने पर उपस्थित जिले के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सर्किट हाउस से सांसद के अपने काफिले के साथ शासकीय कन्या शाला पहुंचने के दौरान जिला भाजपा कार्यालय एवं नया बस स्टैण्ड के समीप एकत्रित लोगों द्वारा फटाके फोडकर उनका स्वागत किया गया। कन्या शाला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होकर पौधारोपण करने के पश्चात श्री अग्रवाल नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। मंच पर उनके साथ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं प्रमोद शर्मा के अलावा विजय केसरवानी, अशोक जैन, सुरेन्द्र टिकरिहा, नंदकुमार साहू, अशोक बजाज, लक्ष्मी वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

*एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होकर किया पौधारोपण*

### स्वास्थ्य मंत्री ने एमआईआर मशीन के लिए दिए 15 करोड़

#### कार्यकर्ताओं का जताया आभार

कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने अपनी ऐतिहासिक जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे मतदाताओं के पास जाकर दिए गए सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस क्षेत्र के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर मौजूद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय में 15 करोड़ रुपए की राशि से एमआरआई मशीन शीघ्र लगाये जाने की बात कही गयी।

#### ये रहे उपस्थित

समारोह में राजेश वर्मा, श्रीमति सुनीता वर्मा, पार्षद रोहित साहू, संजू पटेल, पुरूषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, राहूल सोनी, डॉ. कुशल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला आनलाइन ठगी की शिकार, लाखों रुपए गंवाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

आनलाइन तीन पत्ती से पैसा डबल करने के चक्कर में डेढ़ साल पहले धोखाधड़ी का महिला शिकार हो गई। महिला झांसे में आकर ग्यारह माह में लगभग 65 लाख जमा कराए थे। जिसमें से केवल 15 लाख ही वापस मिले हैं।



मिली जानकारी अनुसार महिला को सन 2022 में फेसबुक एकाउंट चलाते समय वीडियो के माध्यम से जानकारी मिली की तीन पत्ती मास्टर में पैसे इंवेस्ट कर दो गुना, पांच गुना आसानी से कमाया जा सकता है। महिला इस चक्कर में आ गई। पैसे कमाने का लालच देकर नीचे दिये लिंक से तुरंत तीन पत्ती मास्टर एप डाउन लोड करने की बात उससे कही गई। जिसके झांसे में आकर लिंक क्लिक करने पर मोबाइल फोन पर तीन पत्ती मास्टर एप डाउन लोड हो गया। जिसमे दो गुना पैसा हो जाने का झांसा देने पर लगातार उसके द्वारा 18/01/2022 के करीबन अपरान्ह 4.48 बजे से लेकर 12/11/2022 की दोपहर 12.49 तक करीबन 64,98,200 रुपए आनलाइन अलग अलग खातों में जमा कराया गया। जिसमें से पीड़िता को अलग- अलग समय में कुल 14,99,700 रुपए वापस किया गया है। किन्तु शेष बची राशि करीबन 49,98,500 रुपए आज दिनांक तक मेरे पैसा दोगुना नहीं हुआ और ना हीवापस हुआ है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़ित को पैसा दो गुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी की गई है। मामले में पुलिस विवेचना कर रही है।

- शंकर वार्ड निवासी महिला हुई आनलाइन धोखाधड़ी की शिकार
- डेढ़ साल बाद भी नहीं मिले 49 लाख वापस

## नियम कानून का पालन नहीं करने वाले प्रायवेट स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़



- आरटीई के तहत दाखिल बच्चे यदि प्रायवेट स्कूल को छोड़ रहे तो कारणों की जांच होगी– कलेक्टर

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर ने शिक्षा का अधिकार के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर धर्मेश साहू ने अधिकारियों को कहा कि यह पता करें कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले के प्रायवेट स्कूलों में पढ़ रहे कितने बच्चों ने उस स्कूल से छुड़वाकर दूसरे स्कूल में दाखिला लिया है। उस प्रायवेट स्कूल को छोड़ने का कारण क्या है। यदि बच्चे और उसके पालक ने निजी कारणवश उस स्कूल से बेहतर सरकारी या निजी स्कूल में दाखिला लिया है तो ठीक है। कलेक्टर ने जिले के प्रायवेट स्कूलों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी प्रायवेट स्कूल फीस का निर्धारण नियम अनुसार करेंगे। साथ ही किसी एक दुकान से ड्रेस और कॉपी किताब खरीदने

▸▸ शेष पेज 13 पर

### ये रहे उपस्थित

बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी वर्षा बंसल, बीईओ नरेश जांगड़े, रेशम लाल कोसले, सत्यनारायण साहू सहित सेजेस के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य नरेश चौहान, समग्र शिक्षा के जिला नोडल अधिकारी शोभाराम पटेल, एबीईओ मुकेश कुर्रे, शिक्षक एस आर अजय सहित जिले के अन्य अधिकारी, प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे पुलिस जवान, चार मवेशी मरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



- 3 पुलिस वालों को आईं चोटें

एक सड़क हादसे में बीती रात पुलिस के 3 जवान बाल बाल बच गए वही 4 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। मामला शनिवार की रात्रि लगभग 11 बजे पुलिस चौकी करहीबाजार एवं थाना सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक टिकेश्वर गायकवाड, अमन चौन तिर्की एवं नरेंद्र पटेल द्वारा एक मामले में पकड़े गए अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह महासमुंद में दाखिल कर शासकीय वाहन से ग्राम गिधपुरी के रास्ते वापस बलौदाबाजार आ रहे थे। इसी बीच गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम भरूवाडीह स्कूल के पास सामने से आ रहे ट्रक क्र. सीजी 04 एल एस 8389 के चालक द्वारा अपनी ट्रक को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क मार्ग में बैठे मवेशियों को रौंदते हुए रॉन्ग साइड में आकर पुलिस की शासकीय वाहन क्र. सीजी 03 8941 को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से शासकीय वाहन रोड के किनारे तरफ बने नाली में गिरकर फंस गया एवं क्षतिग्रस्त

▸▸ शेष पेज 13 पर

## बांसउरकुली, धारासीव व ग्राम बिलासपुर में आज राजस्व शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ अनुविभाग में 15 जुलाई को बांसउरकुली, धारासीव और ग्राम बिलासपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बांसउरकुली शिविर'रू बिलाईगढ़ तहसील के बांसउरकुली शिविर में कर्राचखला, खुरसुला, भण्डोरा, रमतला, अजुर्नी, झरनीडीह, टाडापारा, देवरबोड, दीवानपुर, बांसउरकुली, कारीपाट, गोदली, नवापारा, पंडरीपानी और सुतीउरकुली के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं। धारासीव शिविर भटगांव तहसील के ग्राम धारासीव शिविर में ग्राम धारासीव, चंदलीडीह, जमनार, ठाकुरदिया, डोकरीडीह और बरभाठा के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। बिलासपुर शिविर सरसींवा तहसील के ग्राम बिलासपुर के शिविर में ग्राम बिलासपुर, मुड़पार, टाटा, चोरभठ्ठी और जोगेसरा के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्योंर् जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्रा—तिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

## यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई

# 59 वाहन चालकों से वसूला 28500 समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



- बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर भी जुर्माना

जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस द्वारा शराब दु का न बलौदाबाजार के पास सड़क मार्ग में बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलने वाले वाहन चालकों, बिना हेलमेट धारण कर, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले, सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 59 वाहन चालकों से 25,500 समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कार्रवाई के दौरान नो–पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 3600 समन शुल्क किया गया वसूल, बिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने वाले कुल 09 वाहन चालकों से 4500 समन शुल्क किया गया वसूल। दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामलों में कुल 12 वाहन चालकों से 3600 समन शुल्क वसूल किया गया। जांच के दौरान मौके पर कागजात पेश नहीं करने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3900 समन शुल्क वसूल किया गया,

▸▸ शेष पेज 13 पर


### लगातार हो रही कार्रवाई

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्रवाई जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप

### डॉ. प्रमोद बने महानगर कबड्डी संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुर महानगर कबड्डी संघ की वार्षिक आमसभा और आगामी चार साल के लिये निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को पंडरी के प्रगति मैदान में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने डॉ. प्रमोद कुमार साहू को निर्विरोध रूप से पुनः अपना अध्यक्ष चुना। सचिव के रूप में रिखीराम ठाकुर निर्वाचित हुए। विदित हो, डॉ. प्रमोद कुमार साहू छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सहसचिव, प्रगति क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव एवं रायपुर नगर निगम में पार्षद के साथ ही जोन 3 के अध्यक्ष भी हैं। उनके निर्विरोध पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस पूरी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रामानन्द यदु, पर्यवेक्षक के रूप में जिला कबड्डी संघ के सचिव सेवाराम साहू की सहभागिता रही।

### बालिका गृह के नवनिर्मित भवन में पूजा-हवन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बालगृह बालिका के लिए नवनिर्मित भवन में शनिवार को सत्यनारायण भगवान की कथा, पूजन-पाठ किया गया। साथ ही हवन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम, प्रीति निगम ने विधि-विधान से पूजा हवन किया। इस मौके पर श्री निगम ने बताया कि इस भवन के निर्माण के लिए सुनील सोनी ने सांसद निधि से 7 लाख रुपए, सत्यनारायण शर्मा ने विधायक निधि से 5 लाख रुपए का योगदान दिया है। अतिशीघ्र भवन का विधिवत उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष संजय यादव के आतिथ्य और नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक त्रिपाठी, चंद्रेश शाह, इंदिरा जैन, प्रकाश अग्रवाल, संजीव बसंत हुददार, धर्मेंद्र महोबिया, पूजा मिसालवर, श्वेता सिंह, संगीता जग्गी, जितेंद्र मिश्रा, प्रभा शेंद्रे के अतिरिक्त सभी कर्मचारी बालगृह और खुला आश्रय के बच्चे उपस्थित रहे।

### शुभा को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने शुभा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय हिंदी में कुंवर नारायण की काव्य संवेदना-आलोचनात्मक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य स्व. डॉ. रेणु सक्सेना एवं डॉ. रमेश अनुपम के मार्गदर्शन में किया। शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उनका शोध केंद्र रहा।

# सेटअप 1700 चिकित्सा विशेषज्ञों का, काम कर रहे 500, बाकी की भर्ती का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की योजना अभी कार्यरूप में सामने नहीं आ पाई है। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों के 1734 पद स्वीकृत हैं, मगर काम करने वालों की संख्या 499 है। इसकी वजह से कई अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के तमाम मेडिकल कालेज सहित जिला अस्पतालों में चिकित्सा विशेषज्ञों की तैनाती की जानी है, ताकि वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दूसरे अस्पताल रेफर करने की स्थिति ना हो और मरीजों को अपने गृहग्राम के समीप ही उपचार की बेहतर सुविधा मिल सके।

## 1235 चिकित्सकों की भर्ती की योजना फिलहाल कागजों पर

### आरक्षण के पेंच में भर्ती परीक्षा

सरकारी अस्पतालों में तृतीय और चतुर्थ कर्मचारियों की भी भारी कमी है। इनकी भर्ती व्यापमं द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से की जानी है। सूत्रों का कहना है कि इसमें आरक्षण का पेंच फंसा हुआ है। राज्य में 20 हजार 809 पद की तुलना में 13 हजार 433 कर्मचारी कार्यरत हैं और 7376 पद पर भर्ती का इंतजार है।




### जिला अस्पताल में नियुक्ति की मांग

पीजी की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों द्वारा अनुबंध सेवा के दौरान जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज में ड्यूटी लगाने की मांग काफी समय से पहले की जा रही है। उनका तर्क है कि स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी-खांसी, बुखार का इलाज चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जा सकता है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है, इसलिए उनकी तैनाती स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं की जाए।

राज्य में उपचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बजट के दौरान मैनपॉवर की कमी को दूर करने की घोषणा की गई थी, जिसमें 1235 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती की जानी थी।

बजट को चार माह से अधिक का वक्त बीत चुका है, मगर इसमें अब तक किसी तरह काम नहीं हो पाया है। अभी ग्रामीण के साथ शहरी इलाकों में सर्जन, महिला एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों की भारी कमी है। इसके दांतों की बीमारी की समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों को दंत रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति भी की जानी है। दंत रोग चिकित्सकों के सरकारी सिस्टम में अभाव की वजह से निजी अस्पतालों में मरीजों को महंगी फीस देकर इलाज कराना मजबूरी है।

## बरसते पानी में भीगते हुए जयस्तंभ चौक के पंडाल पर पहुंचे लोग

# शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शनिवार को दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राजधानी के जयसम्तंभ चौक पर महापौर एजाज ढेबर एवं उनकी परिषद के सदस्य, कार्यकर्ताओं ने शारदा चौक से तात्यापारा तक चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

■ जनआंदोलन में सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

बारिश की परवाह किये बिना लोग इस जन आंदोलन में शामिल होने स्पॉट पर पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण करने हस्ताक्षर किया। इसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाओ ने बड़ -चढ़ कर हिस्सा लिया।

दरअसल, शारदा चौक से तात्यापारा तक करीब 700 मीटर की सड़क चौड़ीकरण का पेंच डेढ़ दशक से फंसा हुआ है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पीडब्लूडी विभाग को एजेंसी बनाकर सड़क चौड़ीकरण और प्रभावित व्यापारियों को मुआवज़ा देने 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। इस बीच सरकार बदलने पर 137 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। महापौर एजाज ढेबर ने जनहित के मुद्दे को अपनी परिषद के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। श्री ढेबर का कहना है कि शहर के बाटल नेक की इस सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से रोजाना हजारों लोग ट्रैफिक जाम में फंसने मजबूर हैं। यही नहीं, इस मार्ग के व्यापारियों का व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है। इस समस्या से निजात दिलाने शहरी सरकार चरणबद्ध आंदोलन कर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित कराने में लगी हुई है। अब तक महापौर एवं उनकी परिषद ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव, सचिव से लेकर रायपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क चौड़ीकरण का मामला सामने आया है।





### राज्यपाल से मिलेंगे, मांगा है समय

महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस पार्षद दल और कार्यकर्ताओं के साथ हाल ही में रायपुर नगर निगम से तात्यपारा तक लोगों के साथ पदयात्रा कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसी कड़ी में शनिवार को शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। श्री ढेबर ने बताया आने वाले दिनों में उनकी परिषद राज्यपाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित करायेगी। इसके लिए राज्यपाल से मिलने के लिए आवेदन किया गया है। इसके बाद भी सड़क चौड़ीकरण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो चक्का जाम करने बाध्य होंगे। सड़क चौड़ीकरण के लिए चलाये गये हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, जितेन्द्र अग्रवाल, सुन्दर जोगी, अंजनी-राधेश्याम विभार, द्रोपती-हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष-निशा-देवेंद्र यादव, मनीराम साहू, राजा बंजारे सहित कार्यकर्ता मुख्य कर रूप से शामिल हुए।

# पीडब्ल्यूडी के दैवेभो श्रमिकों को ईपीएफ का लाभ नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक निर्माण विभाग में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के ईपीएफ कटौती का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन नहीं होने से केवल ईपीएफ में हर वर्ष 12 करोड़ से अधिक, जो दैनिक श्रमिकों का 12 प्रतिशत अंशदान है, वह भी लोक निर्माण विभाग को स्वयं से जमा करना पड़ रहा है। उसमें लगने वाला ब्याज और दंड राशि की गणना करें तो यह घाटा बढ़कर कई करोड़ तक पहुंच जाता है। राजस्व क्षति को नियंत्रित करना विभाग के अधिकारियों एवं वित्त नियंत्रकों के हाथ में है। इतनी बड़ी अनदेखी लगातार इतने वर्षों से की जा रही है, यह संदेहास्पद है। लोक निर्माण विभाग के दैनिक श्रमिक कल्याण संघ के कर्मचारियों ने इस संबंध में राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्यवाही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

■ श्रमिक कल्याण संघ ने राज्यपाल और लोक निर्माण मंत्री को सौंपा ज्ञापन

मामले में नियमानुसार एक आदेश जारी कर, कटौती जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई है। विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता, वित्त नियंत्रक की लापरवाही से करोड़ों रुपए राजस्व हानि हो रही है। संघ ने कहा है कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# यार्ड-कबाड़ दुकानों में छापा, बिना दस्तावेज के मिले कबाड़ व कंडम गाड़ियां, छह सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रशासनिक टीम ने शनिवार को राजधानी रायपुर के उरला और खमतराई सहित कई इलाके में संचालित कई यार्ड व कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान 6 यार्ड को सील किया गया।

कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम, नगर निगम और पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ उरला और खमतराई क्षेत्र में संचालित यार्डों में छापामार कार्रवाई करने निकली थी। इस दौरान टीम ने करीब दर्जनभर यार्ड में छापेमारी की। एसडीएम नंदकुमार चौबे ने बताया कि उरला व खमतराई क्षेत्र में कबाड़ का कार्य करने वाले मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद बिलाल, सईद खान, नईम के यार्ड में जांच करते हुए गुमास्ता तथा कबाड़ से संबंधित दस्तावेज की जांच की। इस दौरान जिनके दस्तावेज नहीं मिले, उन पुराने वाहन के कबाड़ को जब्त किया गया। इसके साथ ही एक यार्ड को सीलबंद किया। इसके अलावा लाखेनगर चौक के पास दीपक कुकरेजा के शॉप को सील करने की कार्रवाई की गई। हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने कबाड़ शॉप को तोड़ा गया। साथ ही लाखे नगर चौक से सारथी चौक तक हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड बाउंड्री के पास सरकारी जमीन में अवैध रूप से रखे गए 6 ठेलों को जब्त किया गया। रिंग रोड रायपुर चौक के पास दुर्गा इंटरप्राइजेस, हीरापुर के गणपत चैक के पास सोनू साहू, महादेवघाट पुल के पास मोहम्मद मोहसिन व हीरापुर के अब्दुल मलिक पर भी कार्रवाई की गई है। राजकुमार कॉलेज के सामने भी एक कबाड़ी दुकान पर कार्रवाई कर सीलबंद किया गया।

■ प्रशासनिक टीम ने यार्ड व कबाड़ दुकानों में की छापेमारी





### साढ़े सात लाख का कबाड़ जब्त

प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए 5.50 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत 7 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त कबाड़ में पुराने इस्तेमाली वाहन ट्रक, कार, चारपहिया, दोपहिया के अलावा लोहा, स्क्रैप, रॉड, पाइप सहित अन्य कबाड़ है।

### ये यार्ड हुए सीलबंद

रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक आसिफ, रिंग रोड नंबर 2 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक रफीक, मेटल पार्क उरला रायपुर यार्ड संचालक शहबान, मेटल पार्क रोड रावांभाठा स्थित यार्ड संचालक बिलाल, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक शहीद खान, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक उस्मान एवं मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक नईम खान।

# प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ी नाका, आमापारा की सड़कें खस्ताहाल, जगह-जगह गड्ढे, नुकीली गिट्टी खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कीचड़, बजरी और जगह-जगह गड्ढों में शहर के रिहायशी इलाके की सड़कें तब्दील होने से लोगों को सुगम आवागमन में परेशानी हो रही है। शनिवार को बारिश के बाद प्रियदर्शिनी नगर, पचपेड़ीनाका, भाठागांव, रायपुरा, आमापारा मुख्य मार्ग की सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। यही हाल बूढ़ागार्डन के ठीक सामने वाली सड़क का रहा, जहां केबल डालने के नाम पर खोदी गई सड़क को आधा-अधूरा पाटने से वहां गड्ढा बन गया है। रात के समय इस मार्ग पर आने-जाने वालों को इस मार्ग पर गुजरते समय दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है।

नगर निगम ने शहर के 15 वार्डों की सड़कों पर 24 घंटे जल आपूर्ति, अंडर ग्राउंड केबल और बिजली के तारों को भूमिगत करने अनुबंधित एजेंसी से सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का काम कराया। इनमें से एक भी वार्ड में लोगों को 24 घंटे पानी तो मिला नहीं, पर खोदी गई सड़क को पाटने में कोताही बरतने से लोगों को बारिश के सीजन में परेशानी जरूर होने लगी है। आमापारा, ब्राम्हणपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, पचपेड़ीनाका, रायपुरा सहित अन्य रिहाइशी इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया, पर रेस्टारेशन का काम गुणवत्ता युक्त नहीं होने से सड़कें खराब हो गईं।

सड़क पर चढ़ाई गई डामर की परत अभी से उखड़ने लगी है। यही नहीं, जर्जर सड़क में गड्ढे उभरने से वहां कीचड़ युक्त गंदा पानी भरने लगा है। इससे दोपहिया, तिपहिया चालक और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

## आमापारा के विशाल मेगामार्ट के सामने वाली सड़क खराब



### काठाडीह मार्ग में जलभराव दोपहिया चालक परेशान

भाठागांव से काठाडीह मार्ग पर इन दिनों घुटनों तक पानी भरने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में खासी परेशानी हो रही है। दोपहिया चालक गंदे पानी के छींटों से त्रस्त हैं। वहीं इस मार्ग की सड़क पार करते समय गाड़ियों के इंजन में पानी भरने से गाड़ी बंद होने का खतरा बना हुआ है। पुराने पुल की ऊंचाई बढ़ाने नगर निगम ने काम जरूर शुरू कराया, पर यह काम आधा-अधूरा होने से इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### आमापारा मुख्य मार्ग की सड़क पर टूटी रोटरी, मलबा का ढेर

आमापारा से अग्रसेन चौक पहुंच मार्ग वाली सड़क पर टूटी रोटरी रख देने और सड़क खुदाई कर मलबा का ढेर छोड़ने से चारपहिया, तिपहिया चालक परेशान हो रहे हैं। इस मार्ग पर सुबह से देर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बाद भी मलबे का ढेर नहीं हटाया गया। इससे आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### पॉट होल कराएंगे दुरुस्त

निगम सीमा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य निर्माण कार्य के दौरान सड़क खुदाई के दौरान हुए गड्ढे व पाटहोल को ठीक कराया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी को इसके लिए निर्देशित किया गया है।

*- राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर*

# गांव में फैला डायरिया, सात दिन में पैंतीस बीमार, स्वास्थ्य अमला सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तिल्दा ब्लाक के ग्राम मोहंदी में दूषित जल का उपयोग करने से डायरिया फैल गया। लगातार उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य अमला सक्रिय हुआ। बीते सात दिन में वहां करीब पैंतीस लोग बीमार हुए और बच्चों तथा महिलाओं को स्वास्थअय केंद्र में भर्ती कराना पड़ा। शनिवार को सीएमएचओ ने क्षेत्र का दौर कर राहत कार्यों का मुआयना किया

जानकारी के अनुसार गांव में उपयोग के लिए जिस जलस्त्रोत का उपयोग किया जाता है, उसमें किसी तरफ की समस्या आ गई थी। इसकी वजह से लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी थी। धीरे-धीरे समस्या बढ़ती गई और लोगों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करना पड़ गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने वहां शिविर लगाकर लोगों की जांच की, तो करीब पैंतीस लोगों को इसका शिकार पाया। गांव में रहने वालो को दवा का वितरण कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए। बीमार होने वालों में काफी संख्या महिलाओं और बच्चों की थी, जिसकी जानकारी होने के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को प्रभावित गांव का दौरा किया।



## रात साढ़े आठ बजे तक तीन सेमी. बारिश

# घंटेभर गरज-चमक के साथ जमकर बरसे बादल, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उमसभरी बेचैनी से एक बार फिर राहत मिल गई है। शनिवार को दोपहर घंटेभर तक शहर में जमकर बारिश हुई। इस दौरान बिजली चमकी और बादल जमकर गरजे भी। रात साढ़े आठ बजे तक शहर में तीन सेमी. तक बारिश हुई है। रविवार को भी शहर में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

मानसून द्रोणिका के फिर से प्रभावी होने की वजह से शनिवार को दिनभर रायपुर समेत अधिकांश प्रमुख शहरों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा। शहर में सुबह के वक्त उमस भरी बेचैनी थी, मगर दोपहर होते-होते काले बादल छा गए और बरसने लगे। बारिश काफी तेज रही। काफी देर होने की वजह से शहर के कई मार्गों पर पानी भर गया। इसके बाद शाम को भी हल्की बारिश का दौर चला।

मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार रात्रि साढ़े आठ बजे तक रायपुर में लगभग तीन सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा दिनभर में माना में करीब दो सेमी. बिलासपुर में डेढ़ सेमी. वर्षा हुई। रात होने के बाद रायगढ़ इलाके में भी झमाझम बारिश होती रही। अगले चौबीस घंटे में बारिश का प्रभाव बस्तर के साथ प्रदेश के मध्य इलाके में होने की संभावना अधिक है। माना जा रहा है कि राज्य में वर्षा की गतिविधि अब नियमित रूप से रहेगी।



### 15 साल पहले 275 मिमी. बारिश

रायपुर में पंद्रह साल पहले यानी 14 जुलाई 2009 को चौबीस घंटे में सर्वाधिक 275 मिमी यानी 27 सेमी. से ज्यादा बारिश हुई थी। इसकी वजह से शहर में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। इसके बाद 31 जुलाई 2013 में 135 मिमी., 22 जुलाई 2014 में 162 मिमी. तक बारिश हुई थी।

# खम्हारडीह में डेयरी पर एक्शन

## 13 गायों को शहर से बाहर कराया शिफ्ट

**रायपुर।** आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी को शहर से बाहर शिफ्ट करने निगम अमला अब अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जोन 9 की टीम ने खम्हारडीह के तक्ष कुमार पटेल की डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन की मदद से निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराया। रहवासी इलाके में डेयरी संचालन से प्रदूषण और गंदगी की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह आवासीय क्षेत्र में अभियान चलाकर डेयरी पर कार्रवाई की। डेयरी की 13 गायों को काउकेचर वाहन से आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर के क्षेत्र में शिफ्ट किया गया।

**डेंगू से बचाव के लिए पार्षद ने दिखाई तत्परता : रायपुर।** पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में डेंगू जनजागरण अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही विंडो कूलरों में भरा पानी खाली करवाया। बारिश के सीजन में मच्छरों से फैलने वाले डेंगू से बचाव के लिए अब वार्ड पार्षद भी स्वस्फूर्त होकर लोगों को सजग बनाने जुट गये हैं। इसी कड़ी में पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी ने वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर डेंगू जनजागरण अभियान चलाया। श्री तिवारी ने वार्डवासियों से स्वस्थ रहने मानसून के दौरान अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत में पौने दो लाख मामलों का निपटारा

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पौने दो लाख लोगों को त्वरित न्याय मिला।

### रोहित शर्मा और अल्लू अर्जुन को भेजा कानूनी नोटिस

**रायपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने चैतन्य टेक्नो स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण भारत फ़िल्म सितारे अल्लू अर्जुन को क़ानूनी नोटिस भेजा है। क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा, फिल्म सितारे अल्लू अर्जुन इस स्कूल के विज्ञापन में दिखाई देते हैं। राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के कई स्कूल खुल गये हैं, जो अपने को सीबीएसई माध्यम के स्कूल होना प्रचारित करते हैं, जबकि सीबीएसई की मान्यता नहीं है। श्रीचैतन्य टेक्नो स्कूल के राजधानी रायपुर की दो स्कूल को कुछ दिनों पहले सीजी बोर्ड के अंग्रेज़ी माध्यम की मान्यता मिली है।

### 5 बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

**रायपुर।** कवर्धा जिले में डायरिया से बैगा आदिवासियों की मौत के मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी गठित की है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जनक ध्रुव, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी राम, नेता महेश चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि सोनवाही और बोड़ला में डायरिया से 5 बैगाओं की मौत हुई है।

### भाजपा का रायपुर की विधानसभाओं में आज से मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

**रायपुर।** विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रदेश की 90 विधानसभाओं में मतदाताओं का अभिनंदन करने का काम प्रारंभ किया है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के मुताबिक, अब तक 90 में से 26 विधानसभाओं में कार्यक्रम हो गए हैं। अब जल्द ही सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम होंगे। 14 से 17 जुलाई तक रायपुर जिले के साथ और जिलों में भी कार्यक्रमों तय किए गए हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को जहां 54 सीटों के साथ सरकार में वापसी करने का मौका मिला है, वहीं विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। इसके बाद हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

# चुनावों में जिन सीटों पर मिली हार, वहां के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाएंगे

## संगठन से बाहर हो सकते हैं भूपेश के करीबी, सिंहदेव और महंत समर्थकों को मिल सकती है जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस बड़ा बदलाव करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन में दो दिवसीय बैठक में जिलाध्यक्षों, विधायकों व जनप्रतिनिधियों के साथ हार के कारणों पर चर्चा हुई। साथ ही यह पूछा गया कि क्यों न इस प्रदर्शन पर पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। सूत्रों के अनुसार बदलाव की इस कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी संगठन से बाहर हो सकते हैं। संगठन में पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव व नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत के समर्थकों को जगह मिल सकती है। चुनाव के दौरान पार्टी के भीतर अंतर्कलह की बातें सामने आई, इससे फैक्ट फाइंडिंग टीम भी आश्चर्यचकित रही। टीम के सामने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को भी हार के कारणों में शामिल किया गया। इनके कारण पूर्व मुख्यमंत्री के करीबियों पर गाज गिर सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एक-एक जिलाध्यक्ष से सवाल-जवाब किया गया। संगठन में बदलाव को लेकर कांग्रेस आलाकमान की सहमति के बाद यह माना जा रहा है कि जल्द ही इसे लेकर नाम भेजे जाएंगे। प्रदेश प्रभारी ने भी पीसीसी अध्यक्ष को अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।



### जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे में भी फेरबदल

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बदलाव के संकेत दे दिए हैं। कांग्रेस बड़े पैमाने पर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को बदलने पर विचार विमर्श कर रही है। साथ ही राज्य स्तरीय पदाधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। विधानसभा, लोकसभा में जिन सीटों पर कांग्रेस को हार मिली है, वहां के जिलाध्यक्षों को साफ संकेत दे दिए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे में भी फेरबदल होगा। प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक में बदलाव पर अंतिम निर्णय होगा।*

## कांग्रेस बताए क्यों किया था रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार

# कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने को लेकर भी सियासत हो रही है। कांग्रेस ने इस मामले में आरोप लगाया है कि अब तक साय का मंत्रिमंडल चंदखुरी के मंदिर तक नहीं गया है। राजधानी रायपुर लौटने पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के उठाए सवाल का जवाब दिया और कहा, कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था।

विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने कहा, आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब मंत्रिमंडल के साथी भगवान श्रीराम के दर्शन करने गए थे। उन्होंने कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। हम प्रधानमंत्री को बधाई और धन्यवाद देते हैं। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीगसढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। भगवान राम का वनवास का अधिकतम समय छत्तीसगढ़ के वनों में बीता है। हमारा प्रभु श्रीराम के साथ आत्मीय संबंध है। उनको भांजा के रूप में मानते हैं, पैर पखारते हैं। उन्होंने कहा, 500 साल तक पूर्वजों ने तपस्या, बलिदान और संघर्ष किया, लंबी लड़ाई लड़ी उसके बाद प्रभु श्रीराम का मंदिर बन पाया। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए रामलला दर्शन योजना बनाई है।

आम जनता भी इसका ज्यादा ज्यादा लाभ लेगी। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद और कृपा हम सब पर बनी रहे। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला द्वा उठाए गए सवाल, अयोध्या से पहले चंदखुरी जाकर माता कौशल्या के मंदिर दर्शन के जवाब में श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। यहीं नहीं, कांग्रेस ने अयोध्या के मंदिर के शुभारंभ कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया था, इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए।







### कांग्रेस से ओपी चौधरी के दो सवाल

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, अयोध्या धाम को इतिहास के पन्नों से गायब करने का काम पूर्व की सरकारों ने किया था। आज वही सब गायब हो गए। विरासत को बचाने उसे लौटाने का काम भाजपा ने किया। हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा को पुर्नजीवित करने का काम किया। पीएम नरेंद्र मोदी का हम सब आभार जताते हैं, उन्होंने भगवान श्रीराम मंदिर का भव्य मंदिर निर्माण कराने का काम किया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, हम सबने रामलला का आशीर्वाद लिया है। कांग्रेस के मित्रों से दो सवालों का जवाब चाहता हूं। पहला, कांग्रेस के लोगों ने प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का काम किया, इस पर क्या कहेंगे। दूसरा, श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके क्या मैसेज दिया। इन दो सवालों का जवाब कांग्रेस पहले दे, फिर सवाल करे।

## बृजमोहन ने दानी स्कूल के सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल के कार्यक्रम में कहा, समग्र रूप से छात्राओं की शिक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को सुधारती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए लड़कियों को शिक्षित करना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर दानी स्कूल में सभागार निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल परिसर में अपनी माता की स्मृति में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया। श्री अग्रवाल ने कहा, जे आर दानी स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में लड़कियों का सबसे उत्कृष्ट स्कूल है और आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको यहां पर पढ़ने का मौका मिल रहा है। यहां की पढ़ी हुई छात्राएं आज देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। यह स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए काम करता है, जिसके कारण यहां की छात्राएं खेलकूद, गीत-संगीत और दूसरे क्षेत्रों में भी अपना नाम रोशन करती आ रही हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने सालों पहले मंत्री पद पर रहते हुए यहां पर छात्रावास का निर्माण कराया था। जिसका फायदा आज हजारों छात्रों को हो रहा है। उन्होंने कहा, छात्राओं में शिक्षा का महत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है और समाज के संपूर्ण विकास के लिए अनिवार्य है।

**छात्राओं का सम्मान :** श्री अग्रवाल ने 10वीं और 12वीं की मेघावी छात्रों के साथ ही शिक्षा, खेलकूद, संगीत, एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया तथा छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक और साइकिल भी वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुभाष तिवारी ने की। पार्षद डॉ सीमा कंदोई, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य श्री हितेश दीवान, मनोज वर्मा, मृत्युंजय दुबे, सरिता वर्मा, सविता दुबे समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## खरतोरा में साहू भवन के आहाता निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

साहू समाज दतान परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरतोरा में साहू सामुदायिक भवन में आहाता निर्माण के लिए जिला पंचायत सदस्य भारती मोनू साहू ने भूमिपूजन किया। साहू भवन में 2.5 लाख की लागत से आहाता निर्माण कराया जाएगा। सर्वप्रथम माता कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारती मोनू साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और क्षेत्र के विकास लिए यह निर्माण कार्य महत्वपूर्ण है। इस निर्माण कार्य से सामाजिक कार्यक्रम में सुविधा होगी और समाज अपने उद्देश्य को भी प्राप्त कर पायेगा। सभी समाजों के समृद्धि से ही राज्य और राष्ट्र का विकास संभव होगा। साहू समाज सदैव मेहनतकश और उद्यमी रहा है। समाज के लोगों की सक्रियता ही समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

■ समाज व क्षेत्र के विकास के लिए यह निर्माण महत्वपूर्णः भारती

दतान परिक्षेत्र के अध्यक्ष गणपत साहू ने कहा कि समाज सेवा ही सर्वोपरि है। साहू समाज एक संगठित समाज है। समाज के लोगों का सहयोग ही समाज को मजबूत बना रही है। साहू समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीतिक, आर्थिक विकास सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। समाज की प्रगति से राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी।

## ग्रामों में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

एक पेड़ मां के नाम पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा की गई अपील पर ग्राम खपरी भवानीपुर रीवाड़ीह कुची सहाड़ा मोहान गिधपुरी मलपुरी बिजराडीह भरुवाडीह हरिभट्ठा बोहरडीह लटेरा सहित विभिन्न स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के सहयोग से फलदार व छायादार पौधे लगाया गया। ग्राम पंचायत खपरी के उपसरपंच मुकेश झा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी संकल्प लेकर हम सभी एक–एक पौधा अवश्य लगे एवं उनकी देखभाल भी करें ताकि हम सभी स्वस्थ रहें। आज हम सब यदि पौधारोपण करते हैं तो आने वाला कल हमारे छोटे–छोटे बच्चों के लिए पर्यावरण एवं फलदार वृक्ष उनके लिए लाभदायक रहेगा। सभी एक–एक पौधा अवश्य लगाएं जिससे आने वाला कल हमारा उज्जवल रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सचिव दयानंद गेन्डरे दाऊलाल ध्रुव बंधन बघेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बुधवन्तीन ढीढी हिना ढीढी मितानिन प्रिती झा सक्रिय महिला सदस्य गेशवरी कुर्रे राधा लहरे हिरोतिन मल्होत्र कीर्ति ध्रुव रजमत लहरे प्रभा कोसले लीला घृतलहरे संतोषी भारती नीराबाई जागेश्वरी गंगोत्री खेलवन्तीन बारले सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया वन महोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ में शनिवार को बैग–लेश डे के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में स्थित माँ सरस्वती की मंदिर वाले बगीचे में पौधारोपण करके की गई। पौधारोपण में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक राजेश देवांगन द्वारा सालूमरदा थिमक्का जिन्हें वृक्ष माता के नाम से जाना जाता है जिनकी उम्र 112 वर्ष है और वह 8000 से भी अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। जिसके कारण उन्हें 2019 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भी विभिन्न पेड़–पौधे के बारे में भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के समस्त शिक्षक शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष

### शादी समारोह में ...

ही कार्यकर्ताओ से भेंट करते रहे। इसके बाद अपनी भांजी की शादी में शामिल होंगे।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को सर्किट हॉउस परिसर कसडोल में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत बरगद का पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि बरगद का पेड़ धार्मिक महत्व क़े साथ बड़ा और छायादार होता है। बड़ा होकर यह बरगद का पेड़ इस परिसर को सुशोभित करेगा और शीतल छाया प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण एवं धरती माता क़े प्रति कृताज्ञता प्रकट करने क़े उद्देश्य ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रेरणादायी अभियान को जन अभियान क़े रूप में लेते हुए प्रदेशवासियों से माँ क़े नाम पेड़ लगाने की अपील की है।

### नियम कानून का ...

के लिए विद्यार्थियों को बाध्य नहीं करेंगे। इसी प्रकार यदि प्रायवेट स्कूल आरटीई के तहत दाखिल बच्चों के साथ लापरवाही करते। बच्चे को शारीरिक, मानसिक रूप से परेशान करते हैं तो इन सभी परिस्थितियों की जांच में किसी निजी स्कूल द्वारा ऐसा किया जाना पाया जाता है तो उस स्कूल के विरुद्ध मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में...

हो गया। इस दौरान शासकीय वाहन में बैठे आरक्षक टिकेश्वर गायकवाड के सिर व कमर में चोटे आई हैं। आरक्षक नरेंद्र पटेल के सीने में तथा आरक्षक अमनचौन तिर्की के दाहिना पैर, दाढी एवं सिर में चोट आया है। ट्रक की ठोकर से मौके पर 4 मवेशियों की मौत हो गई तथा 3 मवेशी घायल हो गए।मामले की रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्र. 81/2024 धारा 281,125(1) 325 बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक कृष्ण कुमार 25 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना बहरी जिला सीधी मध्य प्रदेश को अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

### 59 वाहन चालकों...

चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 07 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3500 समन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य 06 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6400 समन शुल्क वसूल किया गया है।

## देवसुंद्रा में युवकों ने एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधारोपण

**पलारी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान में ग्राम देवसुंद्रा के मुक्तिधाम में युवकों ने पौधारोपण कर उनके बड़े होने तक का सुरक्षा का संकल्प लिया गया। युवकों ने बताया कि कोरोना महामारी ने विश्व को पर्यावरण के महत्व को समझा दिया है। लोगों को समझ में आने लगा है, कि पर्यावरण की सुरक्षा कितनी जरूरी है। कोरोना महामारी के संक्रमण काल में निश्शुल्क मिलने वाली हवा भी लोगों को खरीद कर उपयोग में लानी पड़ी। इसलिए हम सभी को सचेत होकर पेड़–पौधे लगाने चाहिए एवं उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। यही पौधे कल वृक्ष बनकर हमारी प्रकृति और आने वाले कल को बच्चों के लिए शुद्ध और सुंदर बनाकर रखेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री लोक कलाकार यश पांडेय, सब इंस्पेक्टर रायपुर हेमंत देवांगन, आरक्षक अरुण साहू, उत्तम साहू, वामदेव सेन, परदेशी देवांगन,पंकज वर्मा उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### श्रमिक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे शामिल

**सिमगा।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया की 22 जुलाई को रायपुर मे होने वाली प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस सम्मान समारोह के माध्यम से निश्चित ही श्रमिकों के लिए नये कार्य करने के तरीकों के साथ नये योजनाओं का क्रियान्वयन करने का एक शुभ अवसर होगा। जिसके माध्यम से शासन द्वारा दिये गये योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने का एक मात्र उद्देश्य होगा। ताकि श्रमिकों को शासन के योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके।

### शापूमावि हरिनभट्ठा में वनमहोत्सव, इको क्लब का गठन भी

**सिमगा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिनभट्ठा में शनिवार को बैगलेस डे के अंतर्गत द्वितीय सप्ताह में शासन द्वारा आदेशित वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के फल फूल एवं छायादार पौधा शाला परिसर में लगाया गया। शिक्षकों द्वारा वृक्ष के महत्व को बताया गया। साथ ही बाल संसद एवं इको क्लब का गठन किया गया।वृक्ष लगाओ,जीवन बचाओ की प्रेरणा के साथ ही यह विशेष कार्यक्रम संकुल प्राचार्य ज्ञानेंद्र सार्वा, संकुल समन्वयक अशोक देवांगन, पू.मा.शा.के प्र.प्र.पाठक सुखीराम साहू एवं शिक्षिका अर्चना साहू की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

### गौठान से सौर ऊर्जा पंप स्टार्टर की चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर के गौठान से सौर ऊर्जा पंप स्टार्टर चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ग्राम कंचनपुर निवासी राजेश साव ने पुलिस को बताया कि उनके गांव कंचनपुर के शासकीय गोठान में लगे सौर ऊर्जा पंप के स्टार्टर इका कंपनी का 5 एचपी पुराना उपयोगी को 30 जून 2024 को कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है।

### शासकीय कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप

**महासमुंद।** शासकीय महिला कर्मचारी ने शासकीय कर्मचारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पर सांकरा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। महिला सीएचओ ने सांकरा पुलिस को छेड़छाड़ की शिकायत की है। कर्मचारी समेत प्रभारी खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर कार्यरत विपिन प्रधान पर सांकरा पुलिस ने धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपी कर्मचारी पिथौरा का रहने वाला है। सांकरा पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार 13 तारीख करीब 2 बजे की है।

### सट्टा खिला रहे आरोपी पर कार्रवाई, नकद जब्त

**महासमुंद।** सट्टा खिला रहे एक युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी के पास से 12,390 रुपए जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद क्षेत्र में सट्टा-पट्टी संचालित किया जा रहा है।

## निधन

### लखन लाल यादव



पलारी। वार्ड नं 15 के प्रतिष्ठित नागरिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा छग झेरिया यादव समाज लवन राज पलारी परिक्षेत्र के संरक्षक लखन लाल यादव उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय स्वर्ग द्वार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे खिलावन व पुकेश यादव के पिता और मनीष यादव के दादा थे।

# पंचायत विभाग में न तो भर्ती अधिनियम ना ही पदोन्नति का सेटअप: फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन का प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें पंचायत विभाग के करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में फेडरेशन के प्रमुख मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त तक पद पर भर्ती किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन को अधिक सशक्त एवं सु–ह बनाने के लिए फेडरेशन का विस्तार जिला स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर भी करने का निर्णय लिया गया।

संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायती राज के तहत सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जिला जनपद संवर्ग के कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राज्य सरकार व केंद्र सरकार के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्ती भूमिका निभाते हैं।

**छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी- कर्मचारी फेडरेशन की प्रांत स्तरीय बैठक**



#### फेडसेशन ने की एक सूत्रीय मांग

पंचायत संचानालय के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का 1965 से अभी तक पदोन्नति नहीं किए गए हैं न हीं विभाग में कोई भर्ती अधिनियम है। कई वर्षों तक विभाग में भर्ती नहीं होने से बहुत पद रिक्त है। छत्तीसगढ़ के सभी विभाग में पदोन्नति का सेटअप है जबकि पंचायत विभाग में कोई सेटअप नहीं है। अन्य राज्य के पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप है। फेडरेशन के एक सूत्रीय मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त पद पर भर्ती को सरकार तक पहुंचने का बैठक में निर्णय लिया गया।

## कार्रवाई : भैंसामुडा सबरिया एवं घटमडवा डेरा में

# अवैध शराब फैक्ट्री पर पुलिस का छापा महुआ लहान जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा में आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डंप किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। मुखबिर से मिली सूचना पर रविवार को निरीक्षक के.सी.दास, सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, प्रकाश जांगड़े, प्रधान आरक्षक पीलाराम, नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, रामलाल, पीतांबर, नरेंद्र निषाद, धनीराम, दिलीप साहू, जगराम एवं महिला आरक्षक कुंवरिया पैकरा की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब का निर्माण करते हुए आरोपी गुरुवारी उम्र 48 साल निवासी भैंसामुडा डेरा टुण्डरा थाना गिधौरी को पकड़ा गया है।

तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्र में महुआ शराब पकड़े जाने के डर से उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा दोनों स्थानों में पूरे इलाके का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर 16,400 कीमत मूल्य का 82 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। प्रकरण में पकडे. गए आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**बरामद महुआ लहान मौके पर किया गया नष्ट**



#### बड़ी सफलता मिली

साथ ही महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,43,500 कीमत मूल्य का 2050 किलोग्राम महुआ पास भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। संपूर्ण कार्रवाई में पूरी टीम को अवैध महुआ शराब का जाल फैलाने वाले एक बड़े शराब कोचिया समूह का भंडाफोड़ कर, भारी मात्रा में महुआ शराब एवं इसे बनाने में इस्तेमाल लाखों रुपये का सामान बरामद करने में सफलता मिली है।चेन्नई और आंध्र प्रदेश के

#### अवैध शराब परिवहन करते कोचिया गिरफ्तार

सिमगा। तिल्दा ओवरब्रिज के पास अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले शराब कोचिया पुनेश्वर उम्र 30 साल निवासी शीतला पारा नांदघाट थाना नांदघाट जिला बेमेतरा सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से 3520 कीमत मूल्य का 32 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला शराब एवं मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एडी1146 जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



# अवैध चखना सेंटर के 6 संचालकों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है।

- शराब बेचने पीने, बैठने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने वालों को पुलिस ने पकड़ा

सिमगा पुलिस द्वारा शाम के समय शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल ढाबा आदि में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा खाने, पीने, बैठने आदि की व्यवस्था कराते हुए होटल, ढाबा, ठेला एवं चखना सेंटर चलाने के अंवैधानिक कार्यों में लिप्त, सार्वजनिक स्थान में बैठकर नशापन करने एवं शराब पीने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। थाना सिमगा द्वारा 6 आरोपी को अपने होटल, ढाबा में अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए को रंगे हाथों पकड़ा गया है। सभी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया है।



#### पकड़े गए आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में दिलीप उम्र 33 साल निवासी ग्राम पौसरी, कुलेश्वर उम्र 27 साल निवासी ग्राम लांजा, जयनारायण उम्र 22 साल निवासी पौसरी, तुलेश्वर उम्र 28 साल निवासी ग्राम बनसांकरा, भोलाराम उम्र 32 साल निवासी ग्राम बनसांकरा, कैलाश उम्र 31 साल निवासी ग्राम धोबनी शामिल हैं।

# मुंडा मिडिल स्कूल शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष बने कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा

बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में शाला प्रबंधन विकास समिति के पुनर्गठन को लेकर 12 जुलाई को सुबह 11 बजे अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष शिक्षाविद सहित समिति के सदस्यों के चयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड क्रमांक 4 के पंच प्रतिनिधि धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक को शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष चुना गया। रामखिलावन वर्मा उपाध्यक्ष जागेश्वर वर्मा शिक्षाविद बनाए गए। प्रभारी प्रधान पाठक ममता चौहान सचिव शिक्षिका अंजू साहू कोषाध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में लता वर्मा, राधा वर्मा, जगेश्वरी वर्मा, चंद्रविष्णु वर्मा, हरिशंकर साहू ,महेश्वर रजक, दुजराम वर्मा, अनिल प्रकाश कोशले, सतरूपा वर्मा, विश्राम ध्रुव, गोदावरी वर्मा, को शामिल किया गया। प्रभारी प्रधान पाठक ममता चौहान ने अध्यक्ष कमलेश रजक एवं पदाधिकारी को बधाई दी एवं कहां कि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष का पद जिम्मेदारी से भरा होता है। अध्यक्ष कमलेश रजक ने कहा कि पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षा की कमी है उसको दूर करना पहली प्राथमिकता रहेगा। बैठक में शिक्षिका संतोषी जायसवाल शाला प्रबंधन विकास समिति के पूर्व उपाध्यक्ष सुमेर वर्मा रोजगार सहायक दिनेश वर्मा पालक शिव वर्मा मंगल वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# असौंदा मिडिल स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा विकासखंड तिल्दा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया । बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री कु. सोनिया वर्मा, उपप्रधानमंत्री रौनक वर्मा, स्वच्छता मंत्री कु.ईशा यादव, कौशल वर्मा, जलमंत्री कु.पूजा यादव, कु.श्रेया यादव, स्वास्थ य मंत्री आयुष वर्मा कु. रचना वर्मा, बागवानी मंत्री कु.वंशिका वर्मा, राजेश वर्मा, सांस्कृतिक मंत्री कु.नैना विश्वकर्मा, सुनील यादव, शिक्षा मंत्री कु.पुष्पांजलि वर्मा नारायण वर्मा , खेल मंत्री कु.थनूश्री समीर वर्मा बनाईं गईं। इनके अलावा मध्यान्ह भोजन प्रभारी कु.कावेरी पाल, कु.रचना , कु.विद्या ,कु.पूजा यादव , प्रार्थना प्रभारी कु.सोनिया वर्मा, कु पुष्पांजलि वर्मा ,कु.वंशिका कु.थनुश्री, खोया पाया मंत्री ,कु.नूतन वर्मा, नारायण वर्मा, अनुशासन मंत्री कु.तारिणी चेलक, कु.पुष्पांजलि वर्मा, सोनिया वर्मा, ईशा यादव को बनाया गया। संस्था के प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ ने शपथ ग्रहण कराके बच्चो को कैबिनेट के उद्देश्यों व प्रत्येक सदस्यों के कर्तव्य की जानकारी दी । उक्त कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने दी है।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़, संकुल समनव्यक ए के पुष्पकार, डागेश्वर प्रसाद वर्मा, मनीषकांत वर्मा , शिव कुमार खांडे , ओपी वर्मा , नीलिमा सावरकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ग्राम सलोनी भाठागांव के मध्य मिली थी लाश

# पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए अज्ञात शव का विधि विधान से किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक छत्रपाल कंवर एवं भोलाराम टंडन द्वारा मानवता का परिचय देते हुए अज्ञात शव का विधिविधानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। 12 जुलाई को ग्राम भाठागांव सलोनी के मध्य सोनबरसा जंगल से लगे हुए भांठा में 6 से 7 दिन पुराना लगभग 35 से 40 वर्षीय पुरुष का अज्ञात शव मिला था। जिस पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आसपास के गांव में तस्दीक करवाया गया। मुनादी भी करवाकर शव की पहचान के संबंध में पता तलाश किया गया। साथ ही आसपास के थाना- चौकी क्षेत्र में गुम इंसान की रिपोर्ट आदि के संबंध में भी पता किया गया। उक्त अज्ञात शव की पहचान एवं उसके वारिसानों का किसी भी प्रकार से पता नहीं चल पाया।तत्पश्चात पुलिस द्वारा उक्त अज्ञात शव का जांच पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रवाना किया गया। थाना सिटी कोतवाली से आरक्षक छत्रपाल कंवर एवं भोलाराम टंडन द्वारा अज्ञात शव को अपनी सुरक्षा में लेकर अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम पश्चात शव का कफन दफन किया जाना था।




#### अंतिम संस्कार में आ रही थी परेशानी

अज्ञात शव की पहचान एवं उसके वारिसानों का किसी भी प्रकार से पता नहीं चल पाया था, जिस कारण शव का अंतिम संस्कार करने में परेशानी एवं द्विविधा की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। उक्त स्थिति को समझते हुए दोनों आरक्षकों द्वारा मानवता का परिचय देते हुए रायपुर में अज्ञात शव का विधिविधान पूर्वक अंतिम संस्कार किया गया।

### खट्टी स्कूल परिसर में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। शाला परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। मोहम्मद सफी ने शाला के लिए अशोक, गुलमोहर, पाम के पौधे उपलब्ध कराए। उन्होंने पाम का पौधरोपण गया। इसी प्रकार संस्था के सभी शिक्षकों ने भी पौधे लगाए।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल** एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत **टुण्ड्री** में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071